**बीएचईएल को 2x800 मेगावाट के सिंगरौली सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट के लिए ऑर्डर मिला**

**नई दिल्ली, 19 मार्च: अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली (आईसीबी) के तहत, भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) को ईपीसी आधार पर 2x800 मेगावाट सिंगरौली सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट (एसटीपीपी) स्टेज- III की स्थापना के लिए एनटीपीसी लिमिटेड से ऑर्डर मिला है।**

**यह संयंत्र उत्तर प्रदेश के सोनभद्र ज़िले के सिंगरौली में मौजूदा 2,000 मेगावाट के थर्मल पावर स्टेशन के निकट स्थापित किया जाएगा। विशेष रूप से, 1982 में बीएचईएल द्वारा स्थापित, सिंगरौली टीपीएस उत्तर प्रदेश में एनटीपीसी का पहला बिजली संयंत्र था। बीएचईएल द्वारा सिंगरौली में पहले स्थापित मशीनें कमीशनिंग के बाद से बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं।**

**परियोजना के लिए प्रमुख उपकरणों की आपूर्ति बीएचईएल की हरिद्वार, त्रिची, बेंगलुरु, हैदराबाद, रानीपेट और भोपाल स्थित विनिर्माण इकाइयों द्वारा की जाएगी।**

**बीएचईएल अपने अत्याधुनिक तकनीकी समाधानों के साथ देश की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। देश में स्थापित 1,34,000+ मेगावाट के थर्मल पावर प्लांटों (~57%) के अपने विशाल पोर्टफोलियो के साथ, बीएचईएल, थर्मल यूटिलिटी परियोजनाओं में मार्किट लीडर है और साथ ही जीवनकाल बढ़ाने और दक्षता और विश्वसनीयता को उन्नत करने के लिए पुराने सेटों के आर एंड एम के क्षेत्र में भी अग्रणी है।**

**अब तक, बीएचईएल ने देश में 68 सुपरक्रिटिकल स्टीम जेनरेटर (एसजी) और 63 सुपरक्रिटिकल टर्बाइन जेनरेटर (टीजी) के आर्डर प्राप्त किये है, जिनमें से 34 एसजी और 25 टीजी चालू किये जा चुके हैं और सफलतापूर्वक काम कर रहे हैं।**